Publication : Punjab Kesari	Edition : Chandigarh
Date : March 29, 2020	Page: 08

बी.ओ.बी. प्रत्येक बैंकिंग सहायक को 2,000 रुपए देगा

नई दिल्ली, 28 मार्च (प.स.): बैंक ऑफ बड़ौदा (बी.ओ.बी.) ने कहा कि कोरोना वायरस महामारी के बीच स्वच्छता मानकों को बनाए रखने के लिए वह अपने प्रत्येक बैंकिंग सहायक को 2,000 रुपए देगा। बैंक ने कहा कि उसका यह प्रयास कोरोना वायरस महामारी से अपने ग्राहकों, आम जनता और बैंक कामकाज में उसकी मदद करने वाले सहायकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए है। बैंक ने एक विज्ञप्ति में कहा कि कोविड-19 के प्रसार को नियंत्रित करने के लिए यह जरूरी है कि बैंकिंग सहायकों के केंद्र को साफ और स्वच्छ रखा जाए। विज्ञप्ति में कहा गया कि इस धनराशि का इस्तेमाल कीटाणुनाशक, मास्क, दस्ताने आदि खरीदने और केंद्रों में साफ-सफाई रखने के लिए किया जाएगा। इसके अलावा बैंक इस कठिन परिस्थिति में लगातार अपनी सेवाएं बनाए रखने के लिए प्रतिदिन कम से कम 5 लेन-देन करने वाले प्रत्येक बैंकिंग कोरस्पोंडेंट को 4 अप्रैल तक 100 रुपए प्रतिदिन देगा।